भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †75

सोमवार, 21 जुलाई, 2025/30 आषाढ़, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**केरल के पर्यटन क्षेत्र पर अमेरिकी स्तर 2 यात्रा संबंधी परामर्श का प्रभाव**

**†75. श्री के. सुधाकरनः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार जून 2025 में जारी किए गए अमेरिकी स्तर 2 यात्रा परामर्श से अवगत है, जिसमें देश में बढ़ते अपराध, आतंकवाद के खतरों और पर्यटकों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण अधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है और केरल के पर्यटन क्षेत्र पर इसके संभावित प्रभाव का भी उल्लेख किया गया है, जो अमेरिका और ब्रिटेन से आने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों पर बहुत अधिक निर्भर करता है और 2024 में विदेशी आगमन में इनका एक बड़ा भाग था;

(ख) यदि हाँ, तो किन विशिष्ट घटनाओं के कारण यह परामर्श जारी किया गया और एक सुरक्षित पर्यटन स्थल के रूप में केरल की प्रतिष्ठा पर उनका क्या प्रभाव पड़ा;

(ग) सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय और महिला पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केरल के पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने हेतु उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) केरल के पर्यटन क्षेत्र में नकारात्मक धारणाओं का मुकाबला करने और पर्यटकों का विश्वास बढ़ाने के लिए "अतुल्य भारत" अभियान को सुदृढ़ करने और राय-आधारित सर्वेक्षण आयोजित करने सहित पहलों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): जैसा कि विदेश मंत्रालय द्वारा बताया गया है, भारत सहित कई देश विभिन्न जोखिम संकेतकों के अपने आकलन के आधार पर समय-समय पर यात्रा परामर्श जारी करते हैं। अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी अमेरिकी यात्रा परामर्श, विशेष रूप से विदेशी देशों की यात्रा करने वाले अथवा वहाँ रहने वाले अमेरिकी नागरिकों के लिए परामर्श प्रदान करता है। ये परामर्श अन्य देशों के नागरिकों के लिए नहीं हैं।

वर्ष 2018 में इस प्रणाली की शुरुआत के बाद से भारत को लेवल 2 गंतव्य के रूप में मूल्यांकित किया गया है। दिनांक 16 जून 2025 को जारी हाल के अपडेट में यह वर्गीकरण अपरिवर्तित रहा है।

(ख): केरल राज्य सरकार ने बताया है कि ऐसी कोई विशिष्ट घटना नहीं हुई है जिससे सुरक्षित पर्यटन स्थल के रूप में केरल की प्रतिष्ठा पर कोई प्रभाव पड़े।

(ग): जैसा कि पर्यटन विभाग द्वारा बताया गया है, केरल सरकार, अंतर्राष्ट्रीय एवं महिला पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केरल के पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे उपायों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

i. केरल सरकार ने पर्यटकों की सुरक्षित यात्रा और भ्रमण सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पर्यटन स्थलों पर 180 "पर्यटन पुलिस" कर्मियों को तैनात किया है।
ii. पर्यटन विभाग ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न तटों और जल-आधारित पर्यटन स्थलों पर 181 लाइफगार्ड तैनात किए हैं ।
iii. अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू पर्यटकों के लिए केरल में घरेलू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण स्थलों पर लगभग 10,000 जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन मिशन इकाइयां उपलब्ध हैं।
iv. पर्यटन विभाग ने 78 गंतव्यों में सुरक्षा ऑडिट किया है।
v. केरल उत्तरदायी पर्यटन मिशन ने सुरक्षित यात्रा, विशेष रूप से महिला पर्यटकों हेतु जागरूकता बढ़ाने के लिए, नवंबर 2024 में एक वैश्विक महिला सम्मेलन आयोजित किया।

(घ): पर्यटन मंत्रालय, केरल सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों और स्थलों को बढ़ावा देने के लिए, पर्यटन-उत्पादक बाज़ारों में भारत का एक समग्र गंतव्य के रूप में संवर्धन करता है। केरल सहित देश के बारे में सकारात्मक धारणा बनाने के लिए, यात्रा उद्योग, राज्य सरकारों और विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों के सहयोग से विभिन्न संवर्धनात्मक गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं।

******